nt>
Title: Need to fill the vacant posts to save the recognition of Rewa Medical College, Madhya Pradesh. *

श्री चन्द्रमणि त्रिपाठी (रीवा): सभापति महोदय, रीवा मैडीकल कालेज की मान्यता को खत्म करने का मैडीकल कौंसिल ऑफ इंडिया ने राज्य शासन को चेतावनी दी है। १९६८ में मैडीकल कालेज, रीवा की स्थापना हुई थी। रीवा देश का सबसे उपेक्षित इलाका है। १९६८ में स्थापित मैडीकल कालेज है, वहां वर्षों से डीन का पद खाली है। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि २८ प्रोफेसरों के पदों में केवल आठ भरे गये हैं। एसोसिएट प्रोफेसर के पद खाली है, व्याख्याता के पद खाली हैं, मैडीसिन विभाग में ई.सी.जी. की मशीन तक नहीं है और मैडीकल कौंसिल ऑफ इंडिया ने राज्य शासन को लिखकर दिया है कि अगर मार्च तक ये सारे पद नहीं भरे गये तो मैडीकल कालेज की मान्यता खत्म कर दी जायेगी। वहां के प्रोफेसर, वहां के विद्यार्थी हड़ताल पर गये, तब जुलाई तक का मैडीकल कौंसिल ऑफ इंडिया ने समय दिया है। मैं केन्द्र सरकार से मांग करना चाहूंगा कि रीवा मैडीकल कालेज की मान्यता को बचाये रखने के लिए प्रदेश सरकार से कहे कि मैडीकल कालेज, रीवा के सारे पद भरे जायें ताकि उसकी मान्यता बची रहे।

MR. CHAIRMAN : Shri Narendra Budania will speak now.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN : There are only one or two hon. Members to speak. I will call you later.